हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 नवंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 9.8 डिग्री

11 85.30 लाख से बनेगी सुभाष पार्क से सोनीपत रोड...



12 हरियाणा स्टेट इलाइट ब्वॉयज व गर्ल्स बॉक्सिंग...



## खबर संक्षेप

### नेकी राम में यूथ फेस्टिवल ने मनमोहा




### इमसार के छात्रों का औद्योगिक दौरा



अमूल डेयरी प्लांट का दौरा करते इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च के विद्यार्थी।

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने छात्रों का औद्योगिक दौरा अमूल डेयरी प्लांट और आईओटीओ ऑटोमेशन प्लांट में आयोजित किया। इसमें 42 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिनके साथ डॉ. प्रियंका यादव और डॉ. नीतू फैकल्टी इंचार्ज रहीं।
दौरे का शुभारंभ निदेशक डॉ. प्रदीप अहलावत ने किया, जबकि समन्वय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सौरभ कांत ने किया। अमूल प्लांट में छात्रों को अमूल के इतिहास, सहकारी व्यवसाय मॉडल और उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### महिला महाविद्यालय में खेलकूद स्पर्धा 10 को

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की 65 वीं वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह हुड्डा के मार्गदर्शन में 10 नवंबर और 11 नवंबर 2025 को महाविद्यालय खेल प्रांगण में होगा। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर शिरकत करेंगे। 11 को पारितोषिक वितरण समारोह पर उपायुक्त सचिन गुप्ता शिरकत करेंगे। कार्यक्रम सहयोजक बसंत कुमार रहेंगे। छात्राओं की 100, 200, 400, 800 मीटर रेस, लांग जंप, डिस्कस थ्रो आदि इवेंट्स होंगे।

## शीला बाईपास स्थित सैमसंग स्मार्ट प्लाजा में तीन से चार चोरों ने बोला धावा

# 40 लाख के मोबाइल और कैश पर हाथ साफ, पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद

मुंह पर कपड़ा बांधकर शोरूम में घुसे, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल व्यापारियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में एक बार फिर बड़ी चोरी की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुवार रात शीला बाइपास स्थित सैमसंग स्मार्ट प्लाजा में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर करीब 40 लाख रुपये के मोबाइल फोन, घड़ियां और अन्य एक्सेसरीज़ समेत 2 लाख रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सुबह जब दुकान का शटर टूटा मिला तो कर्मचारियों के होश उड़ गए। जानकारी के अनुसार, शीला बाइपास स्थित सैमसंग स्मार्ट प्लाजा में देर रात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि चोर रात करीब 2:30 बजे के आसपास दुकान के पास पहुंचे। उन्होंने पहले आस-पास की स्थिति का जायजा लिया, फिर शटर का लॉक तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद उन्होंने बड़े इत्मीनान से अलमारियों और काउंटर में रखे महंगे मोबाइल फोन, घड़ियां और एक्सेसरीज निकाल लीं। दुकान में रखे करीब 2 लाख रुपये नकद भी चोरी कर लिए गए। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

■ वारदात से मचा हड़कंप



रोहतक। मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### व्यापारियों में दहशत, मांगी सुरक्षा

इस वारदात के बाद शीला बाइपास और आस-पास के व्यापारिक इलाकों में दहशत का माहौल है। व्यापारी अब अपनी दुकानों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त इंतजाम करने की सोच रहे हैं। कुछ व्यापारियों ने बताया कि वे सीसीटीवी और अलार्म सिस्टम के साथ सुरक्षा गार्ड रखने पर भी विचार कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और संवेदनशील बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



रोहतक। यहां से चोरी हुए मोबाइल फोन। फोटो : हरिभूमि

### सुबह टूटा शटर देख दंग रह गए कर्मचारी

सुबह जब दुकान के कर्मचारी रोज की तरह पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था और कई मोबाइल गायब थे। तुरंत इसकी सूचना दुकान मालिक और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### आसपास के सीसीटीवी भी खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास शुरू कर दिया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि वारदात में तीन से चार चोर शामिल थे, जिन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। पुलिस आसपास के इलाकों के कैमरों की भी जांच कर रही है ताकि उनकी गतिविधियों का पता लगाया जा सके। फोरेंसिक टीम ने शटर और काउंटर से फिंगरप्रिंट भी लिए हैं।

### चोरी की घटना की जानकारी लेते विधायक



## विधायक बीबी बतरा मौके पर पहुंचे, जताई नाराजगी

घटना की सूचना मिलते ही शहरी विधायक बीबी बतरा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दुकान मालिक से घटना की जानकारी ली और पुलिस अधिकारियों को जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदातें चिंता का विषय हैं। प्रशासन को रात के समय गश्त बढ़ानी चाहिए ताकि व्यापारियों में विश्वास बहाल हो सके।

### पुलिस पर उठाए सवाल

वारदात की खबर फैलते ही आस-पास के व्यापारियों में भारी रोष फैल गया। बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर पहुंचे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। व्यापारियों ने कहा कि शहर में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ कागजों में ही नजर आती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही आरोपियों को पकड़ा नहीं गया, तो व्यापारी संगठनों की ओर से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### चोरों के सामने लाचार कानून व्यवस्था, व्यापार संगठन देगा डीजीपी को ज्ञापनः गुलशन डंग

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह लचर और लाचार हो चुकी है। आए दिन हो रही चोरी, लूट और डकैती की घटनाओं ने व्यापारियों व आमजन की नींद उड़ा दी है। उन्होंने कहा कि व्यापारी नेता नंद कपूर के बेटे मोहित कपूर के सैमसंग शोरूम पर चोरों ने रात 2.30 बजे शटर तोड़कर लाखों के मोबाइल और एसेसरीज चोरी कर लीं, जो पुलिस की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि चोरों की जल्द गिरफ्तारी कर व्यापारी के नुकसान की भरपाई की जाए। डंग ने बताया कि व्यापार संगठन जल्द ही राज्य स्तरीय प्रतिनिधिमंडल बनाकर डीजीपी को ज्ञापन सौंपेगा और प्रदेश में फैल रहे संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग करेगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ एक्शन लेकर जनता का भरोसा बहाल करे।

### एसडीएम ने हरी झंडी दिखाई

## माता वैष्णो देवी दर्शनों के लिए फ्री बस रवाना



रोहतक। एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने श्रद्धालुओं की मुफ्त बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान स्मृति चिहन भेंट करते सेवा दल के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता वैष्णो देवी की 17वीं विशाल यात्रा के लिए एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने श्रद्धालुओं की निःशुल्क बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो रोहतक से चलकर कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में माता के दर्शनों के लिए भक्तों को लेकर रवाना हुई।

भाजपा महाराजा अग्रसेन मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा ने बताया कि इस यात्रा में लगभग 700 यात्री को लेकर 14 बस हर साल की तरह रवाना की जा रही है। इसको लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। इस मौके पर माता वैष्णो देवी सेवा दल के संरक्षक अशोक तायल, माता वैष्णो देवी दल के प्रधान पंकज अग्रवाल, भाजपा महाराजा अग्रसेन मंडल के अध्यक्ष मनीष शर्मा, सुदामा तायल, सुनील बल्ली, अमित कोसली, योगेश बंसल, दिनेश तायल, जय अग्रवाल, राजेश जिंदल, भीम सिंगला, शीतल ने इस निशुल्क बस सेवा यात्रा के लिए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते इस पुण्य का कार्य बताया।

## मॉडल टाउन, पावर हाउस और शौरी मार्केट से हटवाया अतिक्रमण

**शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए निगम की कार्रवाई, दुकानदारों और कोचिंग संचालकों को दी चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में सुगम यातायात व्यवस्था और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए नगर निगम ने वीरवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी है। निगम की एन्फोर्समेंट टीम ने भू-अधिकारी संदीप बत्रा की निगरानी में मॉडल टाउन, पावर हाउस और शौरी मार्केट सहित कई इलाकों में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया। अभियान के दौरान टीम ने शौरी मार्केट में दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी दुकानों के आगे बनाए गए अवैध थल्ले और निर्माण कार्यों को स्वयं हटा लें। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि दुकानदार स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाते, तो निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी और इस दौरान होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी दुकानदारों की खुद की होगी। निगम ने दुकानदारों को आगाह किया कि दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार मॉडल टाउन क्षेत्र में संचालित कोचिंग सेंटर्स के बाहर लगे बैनर, बोर्ड और सड़क किनारे की बैठने की व्यवस्था को भी हटाया गया। निगम टीम ने कोचिंग संचालकों को मौके पर निर्देश दिए कि वे सड़कों पर रखे जनरेटर और अन्य सामान को शनिवार तक स्वयं हटा लें। इन जनरेटरों और बैठने की व्यवस्थाओं से पैदल राहगीरों और वाहनों को काफी असुविधा होती है।



### अतिक्रमण बिगाड़ रहा शहर की सुंदरताः डॉ. आनंद

*डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण न केवल शहर की सुंदरता को बिगाड़ता है, बल्कि यातायात व्यवस्था में भी बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का यह अभियान केवल अवैध कब्जे हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुचारू यातायात वाला बनाना है। निगम शहर के सौंदर्यकरण और स्थायी स्वच्छता व्यवस्था की दिशा में भी लगातार कार्य कर रहा है। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि अतिक्रमण हटाने की यह प्रक्रिया तभी सफल होगी जब लोग स्वयं अपनी जिम्मेदारी समझेंगे।*

## महम की भूमिका ने स्कूली राष्ट्रीय मुक्केबाजी में जीता स्वर्ण पदक

**महम।** अरुणाचल के इटानगर में आयोजित की गई 69 वीं स्कूल नेशनल मुक्केबाजी प्रतियोगिता के 17 वर्ष आयु वर्ग में महम की भूमिका ढाका ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। ये खेल 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक इटानगर में आयोजित किए गए थे। इस प्रतियोगिता में भूमिका ने यह उपलब्धि 57 कि ग्राम भार वर्ग में हासिल की है। विजेता खिलाड़ी भैणीमहाराजपुर गांव के बीपीएस स्कूल में 10वीं कक्षा की छात्रा है। खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल ने इस उपलब्धि पर विजेता खिलाड़ी को बधाई दी है। भूमि के पिता हरेंद्र ढाका ने बताया कि भूमिका ने अपनी प्रथम बाउट में कर्नाटक की मुक्केबाज को 20 सेकण्ड में ही आरएससी करते हुए जीत प्राप्त की।

### बीईओ और शिक्षकों ने किया



महम। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुंचने पर भूमिका को सम्मानित करते हुए बीईओ सरिता खनगवाल व अन्य।

दूसरी बाउट में महाराष्ट्र की मुक्केबाज को 5-0 से हरा कर जीत प्राप्त की व तिसरी बाउट में असम की मुक्केबाज को एक तरफा मुकाबले को 5-0 से अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल केंद्रीय विद्यालय टीम की मुक्केबाज को संघर्ष पूर्ण मुकाबले को अपने नाम 3-2 से करते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला अरूणाचल प्रदेश की स्थानीय मुक्केबाज से हुआ। अरूणाचल प्रदेश के खेल मंत्री, खेल निदेशक, शिक्षा निदेशक व विधायकों की उपस्थिति में फाइनल मुकाबला खेला गया। हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए रोहतककी भूमिका ढाका ने शानदार खेल दिखाते हुए फाइनल मुकाबला 5-0 से जीत हरियाणा प्रदेश टीम की झोली में स्वर्ण पदक डाला। इस स्वर्ण पदक के बाद ही हरियाणा मुक्केबाज टीम ने ओवर आल ट्राफी भी अपने नाम की। भूमिका ने मात्र 13 वर्ष की आयु में शानदार उपलब्धि प्राप्त की है। गौर करने वाली बात ये है की भूमिका रोहतक जिले से एकमात्र मुक्केबाज थी जो हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व कर रही थी। भूमिका ढाका के पिता हरेंद्र ढाका स्वयं शिक्षा विभाग में डीपीई के पद पर कार्यरत हैं। हरेंद्र ने बताया कि भूमिका की इस उपलब्धि में उनके कोच विनोद कुमार व भूमिका के बड़े भाई जो खुद मुक्केबाज हैं, का योगदान महत्वपूर्ण है। तीन भाई बहनों में सबसे छोटी भूमिका की उपलब्धि पर महम ब्लाक की खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल व सभी शारीरिक शिक्षकों और कई विद्यालयों के शिक्षकों ने महम शहर में पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया।

### पुलिस की बड़ी सफलता

## मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में शामिल आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने चोरी के मामलों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। आईएमटी थाना पुलिस की टीम ने बाइक चोरी की वारदात को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया है। थाना आईएमटी प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि अस्थल बोहर निवासी शंभू की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि 23 जून की रात उसने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर गली में खड़ी की थी। देर रात अज्ञात ने उसकी बाएक चोरी कर ली और फरार हो गया।

### आगे की जांच जारी

मामले की जांच की जिम्मेदारी मुख्य सिपाही रोहित को सौंपी गई। गुप्त सूचना पर पुलिस ने 4 नवम्बर को आरोपी अजय निवासी भगवतीपुर को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी ने चोरी की मोटरसाइकिल कहां बेची या छिपाई, और क्या वह किसी अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहा है। पुलिस का कहना है कि अजय से पूछताछ के आधार पर आगे और बरामदगियां तथा खुलासे हो सकते हैं। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस लगातार ऐसे अपराधों के खिलाफ अभियान चला रही है। चोरी की घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आईएमटी थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त और सीसीटीवी निगरानी बढ़ा रही है।

**सांसों पर संकट** शाम छह बजे जिले का एक्यूआई 357 और आनंद विहार का एक्यूआई 305 रहा

## दिल्ली से भी ज्यादा प्रदूषित रोहतक, 24 घंटे में ही पॉल्यूशन में 109 अंकों की बढ़ोतरी दर्ज

दिल्ली दुनिया के दस सबसे प्रदूषित शहर में शामिल, अब हालात रोहतक के भी नहीं रहे हैं संतोषजनक

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

वाहनों और औद्योगिक इकाईयों से बारह मास उत्सर्जित किए जा रहे प्रदूषण ने रोहतक शहर की आबोहवा खराब कर दी है। वीरवार शाम को ठीक छह बजे रोहतक का एक्यूआई 357 दर्ज किया गया। ठीक इसी समय दिल्ली के आनंद विहार का एक्यूआई 305 था। यानी के रोहतक दिल्ली से भी ज्यादा प्रदूषित रहा। मालूम रहे कि प्रदूषण के मामले में दिल्ली का स्थान कई बार बदलता रहता है। लेकिन यह दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, दिल्ली अक्सर शीर्ष 10 सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल रहता है। लेकिन गुरुवार को रोहतक में दिल्ली से भी ज्यादा प्रदूषण दर्ज किया गया। पॉल्यूशन से अगले 2-3 दिन में थोड़ी सी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस दौरान हवाओं की दिशा पश्चिम से उत्तर पश्चिम से होगी। दिशा बदलने से पॉल्यूशन में कमी होने की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जा रही है। बुधवार को सिटी का एक्यूआई 248 था। जोकि बढ़ते-बढ़ते वीरवार शाम को सात बजे 357 तक पहुंच गया। 24 घंटे में ही 109 की बढ़ोतरी हो गई।



### तापमान गिरने से बढ़ेगा एक्यूआई

नवंबर का एक सप्ताह बीत चुका है। अब धीरे-धीरे तापमान में कमी होने लगी है। वीरवार को रोहतक का अधिकतम पारा 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दिन के तापमान में बीते 24 घंटे में 2.8 डिग्री सेल्सियस का बदलाव हुआ है। वीरवार को पारा सामान्य से 5.6 डिग्री कम था। पहली दिन में भी लोगों को ठंडी हवाओं के झौके लगे। इसी प्रकार न्यूनतम पारा में कमी दर्ज की जा रही है। सुबह साढ़े पांच बजे रोहतक का पारा 13.2 डिग्री सेल्सियस था। ये सामान्य से 5.6 डिग्री कम था। और 24 घंटे में रात के पारा में 4.8 सेल्सियस कमी दर्ज हुई है।

### दीर्घकालिक योजना आवश्यक

एनवायरोकैटलिस्टस नई दिल्ली के कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अरूण कुमार यादव ने कहा कि प्रशासन को सीएक्यूएस के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए तत्काल प्रदूषण नियंत्रण के उपाय करने चाहिए। इसके साथ ही, शहर और राज्य स्तर पर दीर्घकालिक योजना बनाना आवश्यक है। ताकि स्थायी रूप से वायु गुणवत्ता में सुधार हो सके। डॉ. यादव ने बताया कि पराली जलाने पर रोक, निगरानी प्रणालियों का विकास, हरित आवरण का विस्तार, और स्वच्छ तकनीकों एवं परिवहन विकल्पों को बढ़ावा देना चाहिए। तब ही रोहतक शहर की आबोहवा सांस लेने के लायक बन सकती है।



### दीपावली के बाद का संकट

| | |
|---|---|
| 19 अक्टूबर को | 290 |
| 20 को | 320 |
| 21 | 376 |
| 22 | 349 |
| 23 | 299 |
| 24 | उपलब्ध नहीं |
| 25 | उपलब्ध नहीं |
| 26 | उपलब्ध नहीं |
| 27 | उपलब्ध नहीं |
| 28 | 346 |
| 29 | 268 |
| 30 | 246 |
| 31 अक्टूबर | 274 |
| 1 नवंबर को | 389 |
| 2 को | उपलब्ध नहीं |
| 3 | उपलब्ध नहीं |
| 4 | 329 |
| 5 | 244 |
| 6 नवंबर शाम 7 बजे | 357 |



सामान्य रूप से पेड़-पौधे प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया द्वारा जल, वायु और सूर्य की किरणों की सहायता से अपना भोजन तैयार करते हैं। लेकिन कुछ पौधे ऐसे भी होते हैं, जो छोटे-छोटे जीवों से भी अपना भोजन और पोषण प्राप्त करते हैं। जानो, ऐसे ही कुछ अनोखे कीटभक्षी पौधों के बारे में।

# अनोखे पौधे जो करते हैं कीट-पतंगों का शिकार!

वनस्पति जगत
डॉ. दीपक कोहली

बच्चो, प्रकृति में हर जंतु और पौधा अपने-अपने तरीके से जीवन-यापन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि कुछ पौधे सिर्फ हवा, पानी और सूरज की रोशनी से नहीं, बल्कि कीड़ों और छोटे जीवों से भी अपना भोजन प्राप्त करते हैं? ऐसे पौधों को कीटभक्षी पौधे कहते हैं।

## कहां मिलते हैं, कैसे होते हैं

कीटभक्षी पौधे अकसर दलदली, कीचड़ वाली या खारी मिट्टी वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। ऐसी मिट्टी में पौधों के लिए जरूरी पोषक तत्व बहुत कम होते हैं। इसलिए ये पौधे अपने भोजन के लिए, कीड़ों, मक्खियों और छोटे कीट-पतंगों पर निर्भर रहते हैं। इन पौधों के पत्ते, फूल और कभी-कभी तने इस तरह विकसित होते हैं कि वे कीड़ों को आकर्षित कर सकें और उन्हें पकड़ सकें। उनके रंग, आकार और खुशबू, कीड़े और छोटे जीवों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। ये कीटभक्षी पौधे दिखने में बहुत सुंदर और रंग-बिरंगे होते हैं। ये पौधे अपनी सुंदरता-मोहकता के साथ-साथ अपने अनोखे शिकार करने के तरीके के लिए भी जाने जाते हैं।

## कैसे होता है अंकुरण

कीटभक्षी पौधे मिट्टी से कम पोषक तत्व प्राप्त करने के बावजूद, अपने भोजन/शिकार से जरूरी नाइट्रोजन और फॉस्फोरस प्राप्त कर लेते हैं। इन पौधों के बीज बहुत छोटे होते हैं, इनका अंकुरण बहुत धीरे-धीरे होता है। जब ये पौधे छोटे होते हैं, तो इनके पत्ते बहुत नाजुक और पतले होते हैं। जैसे-जैसे पौधा बड़ा होता है, इनके पत्ते शिकारी बनने लगते हैं। यह पूरी प्रक्रिया बहुत ही अद्भुत और जादुई लगती है। कौन-कौन से पेड़-पौधे कीटभक्षी होते हैं, यह भी जानो-

## लंबे गिलास या घड़े के आकार का पौधा पिचर प्लांट

इसे पिटफॉल ट्रैप प्लांट के नाम से भी जाना जाता है। पिचर प्लांट में लंबे गिलास या घड़े जैसे पत्ते होते हैं, जिनके अंदर रस या पाचन एंजाइम भरा रहता है। कीड़े-मकोड़े इस रस की ओर आकर्षित होकर पत्ते में गिर जाते हैं। इसकी चिकनी सतह और फिसलन भरे नीचे की ओर झुके बालों के कारण इसमें फंसे कीट बाहर नहीं निकल नहीं पाते। यह पौधा पाचन एंजाइम की सहायता से कीड़े को पचा लेता है। अपने रंग और आकार के अनूठेपन के कारण पिचर प्लांट को 'प्रकृति का जादू' भी कहा जाता है।

## ओस जैसी बूंदों से चिपका लेता है सनड्यूज प्लांट



सनड्यूज प्लांट बहुत ही नाजुक और सुंदर होता है। इसके पत्तों पर लंबे तंतु बने होते हैं। इन तंतुओं के सिरे पर एक चिपचिपी ग्रंथि पाई जाती है, जो धूप में ओस (ड्यू) की बूंदों जैसी चमकती है। इसीलिए इसका नाम 'सनड्यूज' पड़ा। ये चमकदार बूंदें जैसी ग्रंथियां कीड़ों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। कीड़ा इन बूंदों से चिपक जाता है और पत्ते धीरे-धीरे उसे पचा लेते हैं।

## शिकार को झपटकर पकड़ता है वीनस फ्लाईट्रैप

वीनस फ्लाईट्रैप नामक कीटभक्षी पौधा, अपने पत्तों को दो भागों में खुला रखता है। पत्तों के किनारों पर मोटे कांटेनुमा संरचना होती है। इसके भीतरी हिस्से पर छोटे-छोटे बाल पाए जाते हैं। जब कोई कीड़ा इन अंदरूनी बालों को छूता है, तो ये खुले पत्ते झपट्टा मारकर तुरंत बंद हो जाते हैं। इसमें मौजूद पाचन एंजाइम के कारण फ्लाईट्रैप में फंसा कीड़ा धीरे-धीरे पचकर या मेल्ट होकर पौधे को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है।

बच्चो, यह समझना बहुत जरूरी है कि ये पौधे बहुत नाजुक होते हैं। इन्हें इनके प्राकृतिक आवास से निकालना या तोड़ना बिल्कुल सही नहीं है। इन्हें देखने के लिए तुम बॉटेनिकल गार्डन या रिजर्व फॉरेस्ट में जा सकते हो। ये कीटभक्षी पौधे हमें यह भी याद दिलाते हैं कि हर जीव और पौधा अपने



तरीके से जीवन जीता है। प्रकृति ने इन्हें अलग-अलग विशेषताओं से युक्त बनाया है। ये कीटभक्षी पौधे जैव विविधता (बायो डायवर्सिटी) को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तो जब भी तुम जंगल या किसी बॉटेनिकल गार्डन में जाओ, तो इन छोटे शिकारी पौधों को ध्यान से देखो और उनके अनोखेपन का आनंद लो। *




### मेंढक-गिरगिट जैसे जंतु भी हो जाते हैं ट्रैप

बच्चो, ये कीटभक्षी पौधे कीट-पतंगे, कीड़े-मकोड़े का भक्षण तो करते ही हैं, कभी-कभी छोटे मेंढक, गिरगिट या अन्य छोटे जंतु भी इनके जाल में फंस जाते हैं। है न कमाल की बात! ये सभी कीटभक्षी पौधे अपनी अनोखी शिकार तकनीक के लिए जाने जाते हैं।

# दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड जहां हैं केवल एक घर-एक पेड़

बच्चो, तुमने अपनी जीके की बुक में दुनिया के सबसे बड़े आईलैंड ग्रीनलैंड के बारे में पढ़ा होगा। लेकिन क्या तुम सबसे छोटे आईलैंड के बारे में जानते हो? यहां हम तुम्हें स्मॉलेस्ट आईलैंड 'जस्ट रूम एनफ' के बारे में बता रहे हैं।



रोचक
रेखा शाह आरबी

बच्चो, आईलैंड यानी द्वीप जमीन का ऐसा टुकड़ा होता है, जो चारों तरफ पानी से घिरा होता है। दुनिया में अलग-अलग आकार-प्रकार और विशेषताओं वाले कई आईलैंड स्थित हैं। घूमने-फिरने के शौकीन लोग मौज-मस्ती और नेचर के करीब कुछ समय गुजारने के लिए ऐसे आईलैंड की यात्रा करना खूब पसंद करते हैं। ऐसे द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और अन्य विशेषताएं पर्यटकों को खूब पसंद आती हैं। यहां की शांति, साफ-सुथरा वातावरण पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। दरअसल, सामान्य स्थल की तुलना में आईलैंड यानी द्वीप अधिक शांत और प्रदूषणमुक्त होते हैं।

**अनेक द्वीप हैं दुनिया में:** दुनिया भर में अनेक फेमस आईलैंड्स हैं, जैसे- ग्रीनलैंड, न्यू गिनी, बोर्नियो, मेडागास्कर, सुमात्रा आदि। अपने देश में भी लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार जैसे खूबसूरत आईलैंड हैं। ये सभी आईलैंड्स अपनी-अपनी खूबियों के लिए प्रसिद्ध हैं।

**जस्ट रूम एनफ आईलैंड:** यह तो तुमको पता होगा कि दुनिया का सबसे बड़ा आईलैंड, ग्रीनलैंड है। इसका क्षेत्रफल 2,166,086 वर्ग किलोमीटर है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड कौन-सा है? नहीं पता, चलो हम बताते हैं। दुनिया के सबसे छोटे आईलैंड का नाम है 'जस्ट रूम एनफ' आईलैंड। यह अमेरिका के न्यूयॉर्क में सेंट लॉरेंस नदी में स्थित है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह आईलैंड इतना छोटा है कि इस पर केवल एक मकान बनाने भर की ही जगह है। आईलैंड के छोटे आकार को देखते हुए ही इसका नाम जस्ट रूम एनफ रखा गया है। इस पूरे आईलैंड का फैलाव मात्र 3,300 स्क्वायर फीट तक ही सीमित है। इस आईलैंड पर एक घर, एक पेड़ के अलावा कुछ झाड़ियां ही हैं। पहले इस आईलैंड का नाम 'हब आईलैंड' था। साल 1950 में किसी धनी व्यक्ति ने इसको खरीद कर इस पर मकान बनवाया और एक पौधा लगाया। जो अब एक पेड़ बन चुका है। जब इस पर मकान बनकर तैयार हो गया तो इसका नाम हब आईलैंड से बदल कर जस्ट रूम एनफ कर दिया गया। नदी के किनारे से देखने पर यह आईलैंड बहुत मनमोहक लगता है। इसकी सुंदरता को करीब से देखने के लिए दुनिया भर के सैलानी यहां पर घूमने-फिरने के लिए आते रहते हैं। अपने सबसे छोटे आकार के कारण ही इस आईलैंड का नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। *

कविता / ओम निश्चल

# उठो सुबह की वेला आई!



उठो सुबह की वेला आई!
उमग-उमग कर चिड़ियां चहकीं
कोयल लेती है अंगड़ाई।
सूरज कब का जगा हुआ है
देखो बाल सूर्य की किरणें
दूर पहाड़ी पर हिरणों की
टोली आई सबसे मिलने
बच्चे इनके खेल रहे हैं
आपस में ही छुपम-छुपाई।
उठो सुबह की वेला आई!
कलश लिए चल पड़ी सुबह ही
देखो पनिहारिन की टोली
बिना हलक की प्यास मिटे
कैसे निकलेगी मुंह से बोली
वो क्या जानें संघर्षों को
जिनके पांव न फटी बिवाई।
उठो सुबह की वेला आई!
चादर तान देर तक सोई
हुई देख लो अभी टिटहरी
मगर पपीहा बजा रहा है
कब से विह्वल राग पिपहरी
देखो फुदक रही गौरैया
नाच उठी घर की अंगनाई।
उठो सुबह की वेला आई!

## बूझो तो जानें





1. जंगल का 'राजा' कहलाता,
बासी भोजन कभी न खाता।
सभी जानवर इससे डरते,
राजा की इज्जत हैं करते।।

2. मरुस्थल का जहाज कहलाए,
ढेरों काम बनाता।
बोझा ढोता, खेत जोतता,
यात्राएं करवाता।।

3. माता का दर्जा पाया है,
दूध मिले गुणकारी।
रंग सफेद और काला भी,
यह है पूज्य हमारी।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.शेर, 2.ऊंट, 3.गाय

## जीके क्विज-178



1. हाल ही में इंडियन वूमेंस क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर आइसीसी वूमेंस वन-डे क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन का नाम क्या है?
3. आइसीसी की ताजा वन-डे रैंकिंग के अनुसार विश्व के सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन कौन बने हैं?
4. हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन बनी हैं?
5. सुप्रीम कोर्ट के 53वें मुख्य न्यायाधीश कौन होंगे?
6. भारत के वर्तमान केंद्रीय सहकारिता मंत्री कौन हैं?
7. निकट दृष्टि दोष में किस लेंस का इस्तेमाल किया जाता है?
8. पेड़-पौधे वायुमंडल से कौन-सी गैस अवशोषित करते हैं?
9. संसार का सबसे छोटा महाद्वीप कौन-सा है?
10. हाल में ही किस रॉकेट के द्वारा भारतीय वैज्ञानिकों ने सीएमएस 03 उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया?





बच्चो, जीके क्विज-178 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-177 का उत्तर :** 1. लियोनेल मेसी, 2.अयोध्या, 3.राष्ट्रीय एकता दिवस, 4. 24 अक्टूबर, 5.राजस्थान, 6.लैक्टोबैसिलस, 7.जॉन मथाई, 8.हैंस लेपर्शी, 9.कोलकाता, 10.मुंशी प्रेमचंद


**जीके क्विज-177 का सही उत्तर देने वाले :** रितेश-मटियारी, रजनी-बलरामपुर, कबीर-हिसार, पूनम-गुना, बलजीत-भिवानी, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, आंचल-ईमेल से, अजय-रोहतक, अंकुश-बिलासपुर, कुसुम-बलौदा बाजार



कहानी
दिविक रमेश

होलू को एक दिन सड़क पर रोता हुआ एक बच्चा मिला। उसने जानना चाहा कि बच्चा रो क्यों रहा है? बच्चे से उसने एक नहीं कई सवाल किए। बच्चे के जवाबों से होलू का दिमाग और चकरा गया।

# रोता बच्चा और होलू



होलू ने देखा। सड़क किनारे एक बच्चा बैठा है। रो रहा है। पता नहीं क्यों? होलू को मां की बात याद आई। कोई परेशान हो तो उसकी मदद करनी चाहिए। होलू ने सोचा क्या करें? उसे चिंता हुई। पूछ ही लिया, 'तुम कौन हो?'

बच्चे ने होलू की ओर देखा। रोना थोड़ा कम हुआ। सुबकते हुए बोला, 'बच्चा हूं।'

'वह तो मुझे मालूम है, पर तुम कर क्या रहे हो?' होलू ने थोड़ा परेशान होकर पूछा।

'रो रहा हूं।' बच्चे ने कहा। कह कर वह फिर रोने लगा।

होलू का तो माथा ही चकरा गया-कैसा बच्चा है? समझ ही नहीं आया कि आगे क्या पूछे। थोड़ी देर तक होलू को कुछ समझ में नहीं आया। तभी कुछ सूझा। उसने फिर पूछा, 'यह तो दिख रहा है, पर तुम रो क्यों रहे हो?' अब बच्चे की बारी थी, थोड़ा चौंकने की। उसने होलू की ओर देखा। ऐसे, जैसे होलू उसकी निगाह में बुद्धू हो।

उसका रोना रुक चुका था। मुंह बनाकर बोला, 'इतना भी नहीं मालूम, कोई क्यों रोता है? क्या तुम कभी नहीं रोए?'

'रोया तो हूं। अभी तो मुझे तुम्हें रोता देखकर रोना आ रहा है, पता नहीं क्यों?' होलू ने पूछा, 'तुम्हें पता है?' 'नहीं तो..।' बच्चे ने लगभग रोते-रोते ही जवाब दिया। थोड़ी देर दोनों एक-दूसरे को देखते रहे।

होलू ने याद करने की कोशिश की। यही कि पिछली बार वह कब रोया था और क्यों रोया था? होलू ने देखा, बच्चा उसी की ओर देख रहा है। रोना छोड़कर सुबक रहा है। उसे यह भी लगा कि बच्चा कुछ ऐसे देख रहा है, जैसे वह जीत गया हो। विजेता हो। होलू को याद आया, बोला, 'मैं तो इसलिए रोया था, मां ने मेरी बात नहीं मानी थी। मुझे बहुत गुस्सा जो आया था।' बच्चा अब तक चुप था। बोला, 'मैं भी तो इसीलिए रो रहा हूं। उधर देखो, दीवार की ओर।' होलू ने देखा, वहां सामने नई दीवार चिनी जा रही है। एक राजमिस्त्री दीवार बना रहा था। पास ही एक महिला थी। वह कभी उसे ईंट पकड़ाती तो कभी मसाला देती थी। बच्चा तपाक से बोला, 'वही तो मेरी मां है।' 'अच्छा..?' होलू थोड़ा चौंकते हुए बोला।

बच्चे ने बताया, 'मैंने मां से कहा कि मैं भी काम करूंगा। पर मां ने डांट दिया। बोली-तू यहां बैठ, अभी तू छोटा है। बस इसीलिए रो रहा हूं। मुझे छोटा क्यों कहा मां ने?'


होलू कुछ सोच में पड़ गया। उसे मां की बात भी ठीक लग रही थी और बच्चे की भी। क्या कहे वह। पर उसे समझ ही नहीं आ रहा था कि वह ऐसा क्यों सोच रहा है। कुछ देर तक जब होलू को कुछ नहीं सूझा तो उसने यही सोचा कि घर जाकर मां से पूछेगा। उसे बस यह जरूर अच्छा लगा कि अब बच्चा चुप था। बच्चा अपने पास रखी चीजों में खोता जा रहा था। होलू घर की ओर लौट चला था। *



कहानी
सरस्वती रमेश

पर्वत को अपने विशाल होने का बहुत घमंड था। वह पशु-पक्षियों को अपने से बहुत छोटा मानता था। गिलहरी, खरगोश और चिड़िया से उसने ऐसा बोल भी दिया। लेकिन एक दिन ऐसा कुछ हुआ कि पर्वत का घमंड चूर हो गया।

# पर्वत का घमंड



एआई इमेज

बरगद के पेड़ पर गिल्लू गिलहरी रहती थी। गिलहरी दिनभर इधर-उधर कूदती रहती। खरगोश, चिड़िया जैसे उसके दोस्त थे, वह उनसे मिलती-जुलती रहती। कभी-कभी उछलते-कूदते तीनों पर्वत तक पहुंच जाते। इन्हें देख पर्वत अभिमान से भर उठता, सोचता, 'ये कितने छोटे हैं, मैं कितना बड़ा-विशाल। आसमान को छूता, बादलों से बातें करता, हवाओं के साथ खेलता। इन सब की तो मेरे आगे कोई हैसियत ही नहीं है।' एक दिन गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया के साथ पर्वत पर खूब धमा-चौकड़ी मचा रही थी। तीनों कभी पर्वत पर कूदते तो कभी उसके बदन पर फिसलते। यह देखकर पर्वत को क्रोध आ गया। वह गुस्से से गरजा, 'तुम लोग ये क्या कर रहे हो?' गुस्से में पर्वत का चेहरा लाल हो गया था। उसे देख गिल्लू और पीकू को हंसी आ गई। गिल्लू हंसते हुए बोली, 'हम लोग यहां खेल रहे हैं। तुम भी खेलोगे हमारे साथ?' 'नहीं, मैं छोटे लोगों के साथ नहीं खेलता।' पर्वत घमंड से बोला। 'हम छोटे हैं तो क्या हुआ?' गिल्लू आश्चर्य से बोली। 'छोटों का कोई मान-सम्मान नहीं होता। वे किसी काम के नहीं होते।' पर्वत अकड़ कर बोला। 'अच्छा, तुम बड़े हो, लो जरा यह मूंगफली फोड़कर दिखाओ।' गिल्लू बोली।

'मूंगफली जैसी छोटी चीज मैं नहीं फोड़ सकता।' पर्वत ने बहाना बनाया। 'हार गए न..! देखो मैं कितनी आसानी से फोड़ देती हूं।' गिल्लू ने मूंगफली अपने दांतों में दबाकर झट से फोड़ दी।

'मूंगफली नहीं फोड़ सकता तो क्या, मेरे ऊपर कितने ही पेड़-पौधे, पशु-पक्षी रहते हैं। मैं सबको संभाल कर खड़ा रहता हूं।' पर्वत अभी भी घमंड से चूर था। तभी अचानक जोर की आंधी आई। गिल्लू और पीकू भागकर अपने बिलों में छुप गए। चिड़िया एक पेड़ पर दुबक पर बैठ गई। आंधी के साथ बारिश भी शुरू हो गई। मूसलाधार बारिश और हवा के थपेड़ों से पर्वत तहस-नहस होने लगा। उस पर उगे कुछ पेड़-पौधे गिरने लगे। पर्वत की चट्टानें दरकने लगीं। बेचारा पर्वत बहुत देर बारिश की मार झेलता रहा। जब बारिश बंद हुई तो गिल्लू और पीकू बिल से बाहर निकल आए। पर्वत की दशा बहुत बुरी थी। वह मन ही मन सोच रहा था, 'इस नन्ही गिलहरी, खरगोश और चिड़िया का तो कुछ भी न बिगड़ा और मैं इतना शक्तिशाली होने के बाद भी तहस-नहस हो गया, बिखर-सा गया।' तभी गिल्लू ने पर्वत से कहा, 'पर्वत भाई, देखा तुमने। इतने विशाल होने के बाद भी तुम बारिश से नहीं बच सके। अब तो समझ गए होगे कि बड़ा-विशाल होने से कुछ नहीं होता। छोटों का भी अपना एक महत्व है।' पर्वत का सिर लज्जा से झुका गया, बोला, 'तुम ठीक कह रही हो गिल्लू बहन। मैंने तुम लोगों को छोटा समझ, तुम्हारा अपमान किया। मुझे माफ कर दो।' 'माफी मांगने की कोई जरूरत नहीं। तुम्हें अपनी गलती का अहसास हुआ यही काफी है। आज से हम दोस्त हैं।' गिल्लू बोली।

'बिल्कुल, अब तुम मेरे ऊपर खूब फुदकना। मैं बिल्कुल गुस्सा नहीं करूंगा।' पर्वत बोला।

उस दिन से पर्वत ने घमंड छोड़ दिया। गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया पर्वत पर मजे से खेलते-कूदते, पर्वत भी इनके साथ आनंद लेता। *

## अंतर बताओ



बच्चो, यहां पूसी बिल्ली के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।





उत्तर: 1. बिल्ली के सिर पर रखे कोन की डिजाइन में बस दो कलर है, तीसरा हरा रंग गायब है। 2. बिल्ली की पूंछ का पिछला हिस्सा सफेद नहीं है। 3.बिल्ली के दाएं पैर पर अधिक बाल है। 4.बिल्ली के मुंह का आंतरिक हिस्सा ब्लैक दिख रहा है। 5.पीछे बाईं तरफ एक्स्ट्रा ग्रीन झाड़ी उगी हुई है। 6.दाईं तरफ बिल्ली के पंजे के पास एक्स्ट्रा झाड़ी उगी हुई है।

## रास्ता खोजो



बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बत्तख का एक नन्हा बच्चा उदास है, क्योंकि वह अपनी मां और भाई-बहन से बिछड़कर रास्ता भटक गया है। तुम सही रास्ता खोजकर इस नन्हे बत्तख को अपनी फैमिली तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय गीत को 150 वर्ष होने पर कार्यक्रम आज

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे 7 नवंबर को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित किए जाने वाले भव्य समारोह से संबंधित तैयारियां पूर्ण करें। जिला में स्थित सभी कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं, आंगनवाड़ी केंद्रों, खेल विभाग, पुलिस विभाग के कार्यालयों में राष्ट्रीय गीत के कार्यक्रम का आयोजन करवाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर सुबह 10 बजे वंदे मातरम का सामूहिक गायन होगा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम से लाइव जुड़कर अपना संदेश देंगे। सचिन गुप्ता लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। वे यह सुनिश्चित करें कि 7 नवंबर को सुबह 10 बजे अपने कार्यालयों, संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन हो।

### समाधान शिविरों की शिकायतें जल्द निपटाएं

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविरों में प्राप्त हर शिकायत का यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को तुरंत राहत मिल सके। प्रदेश सरकार द्वारा समाधान शिविरों में शिकायतों के निपटारे की निरंतर वर्चुअली समीक्षा की जा रही है। सचिन गुप्ता लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार सप्ताह के हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन समाधान शिविरों में एक छत के नीचे सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर प्राप्त होने वाली हर शिकायत का निदान कर रहे हैं।

# पुलिस का अभियान : एक माह में 35 गिरफ्तार, 28 अवैध हथियार व 40 कारतूस बरामद

■ एएसपी वाईवीआर शशिशेखर बोले-जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने बीते एक माह के दौरान अवैध हथियारों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर 28 अवैध हथियार और 40 कारतूस बरामद किए हैं। यह जानकारी बृहस्पतिवार को एएसपी वाईवीआर शशिशेखर ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस पिछले कुछ समय से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त में शामिल व्यक्तियों और गिरोहों पर विशेष निगरानी रख रही है। इसी के तहत जिलेभर में नाकाबंदी, गश्त और विशेष सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल एक माह में 26 देसी कट्टे, 2 रिवॉल्वर और 40 कारतूस बरामद किए गए हैं, जो पुलिस की सक्रियता और सतर्कता का परिणाम है।


पत्रकारों से बातचीत करते एएसपी वाईवीआर शशिशेखर। फोटो : हरिभूमि

एएसपी ने बताया कि हाल ही में थाना सांपला व सीआईए-2 टीम ने एक संयुक्त ऑपरेशन चलाते हुए गन प्वाइंट पर लूट करने की योजना बना रहे चार आरोपियों को दबोच लिया। इन आरोपियों के कब्जे से चार अवैध हथियार बरामद हुए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी लंबे समय से जिले में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त थे और हथियारों की सप्लाई करने वाले गिरोहों से जुड़े थे।

इसी तरह महम क्षेत्र में पुरानी रंजिश के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनसे चार अवैध हथियारों की बरामदगी हुई। इन मामलों में सभी आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं और आगे की जांच जारी है।

### अवैध हथियारों सहित दो गिरफ्तार

अवैध हथियारों की तस्करी पर कड़ा शिकंजा कसते हुए पुलिस की एवीटी स्टाफ टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। बृहस्पतिवार को एएसपी वाईवीआर शशिशेखर ने प्रेसवार्ता में बताया कि 3 नवम्बर एवीटी स्टाफ प्रभारी उपनिरीक्षक अश्वनी अहलावत व सहायक उपनिरीक्षक रविन्द्र के नेतृत्व में टीम महम बाईपास, भिवानी रोड पुल के पास गश्त कर रही थी। सूचना पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए महम-भैणी भैरो रोड पुल के नीचे नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू की। कुछ ही देर में संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें दो युवक पकड़े गए। तलाशी के दौरान मंजीत निवासी मदनहेड़ी के पास से दो देसी पिस्तौल व दो राउंड, जबकि दीपक निवासी भैणी भैरो के पास से एक देसी रिवॉल्वर बरामद हुई। गाड़ी की तलाशी लेने पर एक और देसी पिस्तौल मिली। दोनों आरोपियों के खिलाफ महम में दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने 5 नवंबर को ओमबीर उर्फ बिल्लू बडेसरा (जिला भिवानी) को गिरफ्तार किया, जो इन दोनों को हथियार सप्लाई करता था। उसके पास से चार रौंद बरामद किए गए। आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

*35 कॉलेज के सैकड़ों कलाकार 45 प्रतियोगिताओं में लेंगे भाग*

# पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव का शुभारम्भ

### पूर्व मंत्री ग्रोवर व सतीश नांदल ने दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव 'उड़ान'का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ सुरेंद्र सिंह सांगवान व आयोजनकर्ता सचिव सुनीता रानी के निर्देशन में शुरु हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर एवं गेस्ट ऑफ ऑनर सतीश नांदल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने द्वीप प्रज्वलित करके की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन मे बच्चों का उत्साह वर्धन किया और कहा कि आज वर्तमान में विद्यार्थी एक नवीन उड़ान भर रहे हैं। आज का युवा उड़ान भरेगा तो ही देश ऊपर जाएगा। आज हरियाणा का युवा मेहनत के बल पर शिक्षा प्राप्त करता है और अपनी मेहनत के दम पर नौकरी प्राप्त करता है। मेहनती विद्यार्थी ही अपने परिवार,कॉलेज और देश का नाम रोशन करते हैं। आज छात्राएं नई उड़ान भर रही है। अभी 3 दिन पहले ही महिला क्रिकेट टीम वन डे वर्ल्ड कप विजेता भी बनी हैं। भारतीय लड़कियां किसी से पीछे नहीं है। वे नवीन उड़ान भर रही हैं। सायं कालीन स्तर के मुख्य अतिथि हेल्थ विवि के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल और महिला महाविद्यालय गोहाना की प्रिंसिपल डॉ मीनाक्षी सांगवान रही।



पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित क्षेत्रीय युवा महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

प्रथम दिन की शुरुआत से ही बच्चों में युवा महोत्सव को लेकर उत्साह देखने को मिला ।

क्षेत्रीय युवा महोत्सव में रोहतक सोनीपत जोन के लगभग 35 कॉलेज के सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। युवा महोत्सव में लगभग 45 ( विद्या) प्रतियोगिताएं शामिल हैं। प्रतियोगिता में ग्रुप डांस, ग्रुप सोंग (इंडियन) हरियाणवी स्किट माइम, संस्कृत श्लोक उच्चारण, हिंदी ,अंग्रेजी, उर्दू कविता, ऑन द स्पॉट पेंटिंग ,क्ले मॉडलिंग ,कार्टूनिंग, क्लासिकल डांस, गीत,गजल,भजन,फॉक सॉन्ग, क्लासिकल म्यूजिक शामिल रहे।


क्षेत्रीय युवा महोत्सव का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, भाजपा नेता सतीश नांदल व प्रिंसिपल डॉ. सुरेंद्र सिंह सांगवान।

# 85.30 लाख से बनेगी सुभाष पार्क से सोनीपत रोड तक की सड़क


रोहतक के वार्ड 14 में सड़क निर्माण का शुभारंभ करते गणमान्य नागरिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम वार्ड नं 14 की निगम पार्षद कंचन खुराना, भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री सुनीता परुथी व एस एन जन-वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जतिन बत्रा ने नारियल फोड़कर कर सुभाष नगर की सड़कों के निर्माण का शुभारंभ किया।

श्रीराम व जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के बीच सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई। इस अवसर पर निगम पार्षद कंचन खुराना ने बताया कि 85.30 लाख रुपए की लागत से सुभाष पार्क से सोनीपत रोड, हनुमान मंदिर वाली गली, सुरेंद्र सहगल वाली गली, प्रदीप सपड़ा के मकान से नरेंद्र नाथ गिरोत्रा के मकान तक सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है। टायर वाली गली का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया गुरुद्वारा- शिव मंदिर से सुरेश भुटानी के मकान तक तथा राज मोटर्स के साथ व पीछे राजेन्द्र भाटिया वाली गली के निर्माण की प्रक्रिया पाइप लाइन में हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है और प्रसाद बांटकर खुशी का इजहार किया गया। इस कार्यक्रम में डा. मंगल सैन मण्डल के अध्यक्ष अमित मग्गू, महामंत्री मुकेश टक्कर, मोहित चौधरी, शक्ति केंद्र प्रमुख सुभाष मल्होत्रा, गुलशन बहल, गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान सरदार जसबीर सिंह, हरेंद्र सिंह टक्कर, डा. राजेन्द्र मल्होत्रा, हरीश चावला, सुरेंद्र सहगल, पुराना बाजार यूनियन के प्रधान अजीत चुघ, सतनामी नरेंद्र नरवाल, प्रमोद अग्रवाल कृष्णा स्वीट्स वाले, प्रमुख समाजसेवी शमशेर प्रकाश गोयल, रक्तदान वीर सुन्दर जेतली, कंवल पसरीजा, अमित ठकराल ,सतनामी, मुकेश धींगरा , कमल गिरोत्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# एचडी स्कूल के अरमान ने जिला स्तर पर बजाया सफलता का बिगुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर के कक्षा 9वीं के मेधावी छात्र अरमान ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित जिला स्तरीय ऑनलाइन क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि के लिए अरमान को रोहतक जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक द्वारा नगद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र सिंह फोगाट ने अरमान को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि एच.डी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि खेल और



ज्ञान प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरमान की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी कि वे मेहनत और लगन से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें।

### मदवि को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद वश्विवद्यिालय को भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। यह उपलब्धि पुनर्वास शिक्षा और दिव्यांग समावेशन के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

आरसीआई द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार देशभर की 144 प्रमुख संस्थाओं को यह मान्यता दी गई है। विशेष रूप से हरियाणा राज्य के 11 संस्थान इस सूची में शामिल हैं, जिनमें एमडीयू भी एक है। यह राज्य की दिव्यांग सशक्तिकरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

आरसीआई की इस नई पहल के अंतर्गत नियमों को सरल बनाया गया है, अनुपालन लागत घटाई गई है तथा प्रौद्योगिकी के माध्यम से पारदर्शी व्यवस्था सुनश्चिति की गई है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में एमडीयू को 7 वर्ष की स्वीकृति अवधि, नए मानक और ज्यादातर वर्चुअल निरीक्षण की सुविधा प्राप्त होगी। इससे वश्विवद्यिालय को पाठ्यक्रम नवाचार, संकाय विकास और प्रशिक्षण पर केंद्रित कार्य करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, यह अन्य संस्थानों का मार्गदर्शन करने और राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन कार्यों में सहयोग की भूमिका भी निभाएगा।

# श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में एनसीसी रैंक वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज की एनसीसी यूनिट द्वारा रैंक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश गहलावत ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट आलोक कुमार, एनसीसी ऑफिसर, सी.आर. पॉलिटेक्निक कॉलेज, रोहतक, ने शिरकत की।

समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा और मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट आलोक कुमार द्वारा सभी रैंक धारियों को रैंक लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीनियर अंडर ऑफिसर रुद्राक्षी, अंडर ऑफिसर रोहित, मनजीत, खुशबू, सी.एच.एम. गौरव और सार्जेंट हिमांशु को रैंक प्रदान की गई। वहीं, गत वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स रवीना, दीप्ति और नवीन को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट आलोक कुमार ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कैडेट्स का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि एनसीसी अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाती है। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने सभी कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय सदैव एनसीसी कैडेट्स की आवश्यकताओं का ध्यान रखता है। कार्यक्रम का सफल संचालन सीनियर अंडर ऑफिसर रुद्राक्षी ने किया। इस अवसर पर डॉ. हरदीप सिंह, डी.आई. मोहित, सीनियर अंडर ऑफिसर रुद्राक्षी, अंडर ऑफिसर रोहित, मनजीत, खुशबू और दीप्ति का विशेष योगदान रहा। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा नेता आमने-सामने, लगाए आरोप

# वोट चोरी पर कांग्रेस कमेटी ने फूंका चुनाव आयोग का पुतला


पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस विधायक व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा ने आरोप लगाया कि हरियाणा में आदर्श आचार संहिता की जबरदस्त उल्लंघना की गई। बत्रा ने कहा कि अगर धांधली नहीं होती तो रोहतक शहर की सीट तीस हजार से ज्यादा वोटो से जीती जाती। उन्होंने चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी द्वारा रोहतक के एसपी को दी गई धमकी का भी उल्लेख किया।

जिला कांग्रेस कमेटी ने अंबेडकर चौक पर चुनाव आयोग का पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा , शकुंतला खटक, बलराम दांगी ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पत्रकार वार्ता में सबूत के साथ बात की है। भाजपा सरकार नैतिक अधिकार खो चुकी है। बत्रा ने आरोप लगाया कि रोहतक के चुनाव में जबरदस्त धन बल का प्रयोग किया गया। कांग्रेस ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की, लेकिन कोई असर नहीं दिखा।

कार्यक्रम के समापन पर जिला अध्यक्ष कुलदीप केडी और ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा ने सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता चक्रवर्ती शर्मा, पार्षद परीक्षित देशवाल , विजय गोयल, पूर्व पार्षद कदम सिंह अहलावत, लोकी राम प्रजापत, अड़ी चंद निबड़िया, मोनू शर्मा ,विजय ठेकेदार, निर्मल बल्हारा, गीता भारती ,मृदुला शर्मा ,बलजीत राणा, राजबहादुर शर्मा, जितेंद्र बाल्मीकि, विनोद काका आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस जीते तो ठीक हारे तो वोट चोरी : मनीष ग्रोवर



पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने वोट चोरी के मामले पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा है कि अगर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीते तो ठीक और अगर चुनाव हारे तो वोट चोरी जैसे पाखंड शुरू कर देती है। 2014 में कांग्रेस हारी तो संगठन पर ठीकरा फोड़ दिया और 2019 में सीबीआई और ईडी पर हार के आरोप जड़ दिए। दरसल वेंटिलेटर पर पड़ी कांग्रेस में बगावत ना हो, इसलिए राहुल गांधी वोट चोरी का नया पाखंड अलाप रहे हैं।

बृहस्पतिवार को अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि कांग्रेस कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों में चुनाव जितने में सफल रही तो किसी तरह की कोई वोट चोरी नहीं हुई। देश व हरियाणा में बीजेपी जीत गई तो वोट चोरी हो गई। मतदान के दिन बूथ एजेंट और बीएलओ होते हैं, अगर ऐसी बात थी तो तब शिकायत क्यों नहीं की गई। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी से शपथ पत्र मांगा तो राहुल गांधी पीछे हट गए। उनके साथ नगर निगम मेयर राम अवतार वाल्मीकि, कालका से पूर्व विधायक लतिका शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, रॉकी सहगल, अमित मग्गू, मार्केट कमेटी के चैयरमेन अशोक चौधरी, वाइस चेयरमैन सतीश गोयल, पवन आहूजा, पार्षद कपिल नागपाल, पंकज आनंद, विकास बंसल, तरुण दुआ, हर्षित मिगलानी, अनिल नांदल, विपिन शर्मा, सोनू सहगल, ओमप्रकाश बागड़ी मौजूद रहे।

### जंप रोप टीम रीवा के लिए रवाना नेशनल जूनियर में दिखाएंगे दम



**रोहतक।** हरियाणा जंप रोप संघ द्वारा 22वीं जूनियर नेशनल जंप रोप प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राज्य की टीम को रेलवे स्टेशन से रवाना किया गया। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश के रीवा में आयोजित की जा रही है। टीम में हरियाणा के विभिन्न जिलों रोहतक, चरखी दादरी, गुरुग्राम और अंबाला से चुने गए कुल 24 खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें 14 लड़कियां और 10 लड़के हैं। इस मौके पर हरियाणा जंप रोप संघ के संस्थापक वीर सिंह आर्य, अध्यक्ष आजाद बुधवार, डॉ. गोपाल कृष्ण, देवेंद्र सैनी तथा कृष्ण दलाल विशेष रूप से मौजूद रहे। टीम के साथ कोच के रूप में ज्योति धनखड़, कुसुम सैनी, प्रीति दलाल, सुधीर यादव और कमल सैनी भी रवाना हुए। वहीं, हरियाणा जंप रोप संघ की ओर से साक्षी रोहिल्ला रेफरी की भूमिका निभाएंगी।

## एमडीयू फैकल्टी क्लब में योग एवं वेलनेस सत्रों का शुभारंभ

# शिक्षकों और कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फैकल्टी क्लब में योग एवं वेलनेस सत्रों का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता फैकल्टी क्लब की अध्यक्षा प्रो. सीमा सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता डॉ. जगदीश दहिया एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. सरिता दहिया (सहायक प्राध्यापक, पं. नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय) ने गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। योगाचार्य ज्योति आर्या ने अतिथियों का स्वागत किया, तत्पश्चात प्रो. सीमा सिंह ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश दहिया ने कहा कि ऐसे योग सत्र न केवल शिक्षकों के जीवन में सकारात्मकता लाएंगे, बल्कि विश्वविद्यालय परिसर में शांति और सौहार्द का वातावरण स्थापित करेंगे।

जैव प्रौद्योगिकी विभाग की प्रोफेसर डॉ. दर्शना चौधरी ने कहा कि योग की यह पहल शिक्षकों एवं कर्मचारियों की जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। सत्र में लगभग 25 से 30 प्रतिभागियों ने एक घंटे तक योगाभ्यास किया। योग अभ्यास में सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न


कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता डॉ. जगदीश दहिया। फोटो : हरिभूमि

आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का समावेश किया गया। प्रतिभागियों में प्रमुख रूप से डॉ. जगदीश दहिया, प्रो. सीमा सिंह, डॉ. सरिता दहिया, डॉ. दर्शना चौधरी, डॉ. हरि मोहन, डॉ. सलोनी कक्कड़, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. श्री भगवान, डॉ. अर्चना, दिनेश, नितिन सिंह, डॉ. सीमा राठी, डॉ. आरती तथा छात्राएं मुस्कान, शिवांगी, सदफ़, साक्षी और कोमल शामिल रहीं। कार्यक्रम के संचालन एवं प्रबंधन में योग प्रशिक्षक ज्योति आर्या की टीम सदफ़ आलिया और कोमल मलिक (तकनीकी टीम), मुस्कान दुहन, शिवांगी व साक्षी (मैनुअल टीम) ने सक्रिय योगदान दिया।

यह योग कक्षाएं अब नियमित रूप से योगसेतु वेबसाइट के माध्यम से संचालित की जाएंगी, जिसे ज्ञानसेतु एआई द्वारा विकसित किया गया है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और इस संकल्प के साथ हुआ कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएंगे।

### सातवीं राज्यस्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज से

**रोहतक।** हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से आए लगभग 6000 बाल खिलाड़ी आज से रोहतक में आयोजित सातवीं राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता (अंडर-11 वर्ष, लड़के एवं लड़कियां) में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा 7 से 9 नवम्बर तक जिले के विभिन्न विद्यालयों और खेल परिसरों में किया जा रहा है।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह की अध्यक्षता में सभी आयोजन समितियों, खेल इंचार्जों, कन्वीनरों और प्रिंसिपलों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा, जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक, खंड शिक्षा अधिकारी जयभगवान, सुनीता चहल, साधना, सुमन हुड्डा, शारीरिक शिक्षक संघ रोहतक के प्रधान विकास (डीपीई), मीडिया संयोजक डॉ. जनक राज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देश दिए कि खिलाड़ियों की ठहरने, भोजन, परिवहन, सुरक्षा और स्वच्छता में कोई लापरवाही न हो। मीडिया संयोजक डॉ. जनक राज ने बताया कि प्रतियोगिताएं कई स्कूलों व स्टेडियम में होंगी।

# बेडवा मंदिर के महंत की फैमिली आईडी में दर्ज कई महिलाओं के नाम

## फैमिली आईडी से नाम कटवाने के लिए 8 महीने से दादरी, रोहतक और महम के चक्कर काट रहा साधु भोला नाथ

राज कुमार नरवाल ▶▶| महम

महम उपमंडल के गांव बेडवा के शिव मंदिर का महंत पिछले 8 महीने से अपनी फैमिली आईडी से 12 नाम हटवाने के लिए रोहतक, दादरी और महम के सरकारी दफ्तरों में चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी फैमिली आईडी दुरुस्त नहीं की जा रही। साधु भोला नाथ मंदिर में अकेला रहता है। उसकी फैमिली आईडी में दादरी जिले के 12 लोगों के नाम जोड़ दिए गए हैं, जिसमें कई महिलाएं शामिल हैं। साधु भोला नाथ ने बताया कि 8 महीने पहले उसे पता चला कि उसकी फैमिली आईडी में दादरी के 12 लोग जोड़ दिए गए हैं। इसको ठीक करवाने के लिए वह खंड कार्यालय महम में गया। वहां पर बताया गया कि यह त्रुटि रोहतक एडीसी कार्यालय में ठीक की जाएगी। लेकिन वहां पर भी त्रुटि ठीक नहीं की गई। वहां पर बताया गया कि यह फैमिली आईडी दादरी में ठीक होगी। उसके बाद वह दादरी गया।

### ठीक करने की बजाए, आईडी की बंद


भोला नाथ।
साधु, शिव मंदिर बेडवा।

दादरी जिला लघु सचिवालय में बताया गया कि यह फैमिली आईडी रोहतक में दुरुस्त होगी। जब उसे पता चला कि रोहतक में जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर लगाया गया है। वह अपनी समस्या लेकर समाधान शिविर में पहुंचा। यहां जिला उपायुक्त ने उनकी समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। समाधान न होने पर उसकी सीएम विंडो पर शिकायत दी। फिर भी उसकी समस्या दूर नहीं हुई। कुछ दिन पहले मंदिर में महम से भाजपा के प्रत्याशी रहे दीपक हुड्डा पहुंचे, तो उसने यह बात उनके सामने भी रखी थी। कई जगह शिकायत करने के बाद अब उसकी फैमिली आईडी ठीक करने की बजाए, उसे बंद कर दिया गया है। अब फैमिली आईडी बंद होने से उसको किसी भी प्रकार की सरकार सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा।

### परेशानी में मदद की बजाए उपहास उड़ा रहे हैं लोग

हरिभूमि संवाददाता ने जब साधु भोला नाथ से इस बारे में ज्यादा पूछताछ की तो बाबा के भीतर का दर्द बाहर आ गया। उसकी आंखों में आंसू आ गई। उसे अपनी समस्या लेकर रोहतक में आयोजित समाधान शिविर में डीसी से मिलने जाना था। उसने डीसी के नाम गांव में एक व्यक्ति से दरख्वास्त लिखवाई। युवक ने डीसी के नाम शिकायत पत्र में लिखा तो उसकी फैमिली आईडी ठीक करवाने के लिए लिखे गए पत्र में यह भी वह मंदिर में अकेला रहता है और उसकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए उसकी शादी का इंतजाम किया जाए। जब डीसी साहब ने उसकी दरख्वास्त पढ़ी तो, उसे काफी शर्मिंदा होना पड़ा। लोग समस्या का समाधान करवाने की बजाए उसका उपहास उड़ा रहे हैं।

### सीएम से कहा, काफी परेशानी हो रही

*साधु भोला नाथ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कहा है कि आम जनता को भी फैमिली आईडी ठीक करवाने में काफी परेशानी हो रही है। वह खुद फैमिली आईडी दुरुस्त करवाने के लिए दादरी और रोहतक के चक्कर काट रहा है। लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां ठीक करवाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाए। इस सर्वे के दौरान सही लोगों की पहचान हो जाएगी और जो गलतियां है वे ठीक हो जाएंगी।*

## परशुराम पार्क में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, विशेषज्ञों ने की श्रवण क्षमता की जांच

**रोहतक।** संतोष कैंसर संस्था ने वी केयर मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से परशुराम धर्मशाला पार्क में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य केंद्र संस्था की महत्वाकांक्षी परियोजना श्रवण दोष मुक्त हरियाणा रही, जिसके अंतर्गत नागरिकों में श्रवण दोष (बहरापन) की शुरुआती पहचान और रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य रखा गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित नागरिकों की सुनने की क्षमता की विशेष जांच की और साथ ही अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी निःशुल्क किए। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर संस्था के इस प्रयास की सराहना की। संस्था की ओर से बोलते हुए पंकज आहूजा ने कहा कि जीवन में सच्चा संतोष तभी प्राप्त होता है जब हम अपनी शक्ति और संसाधनों का उपयोग मानव सेवा में करते हैं। संतोष कैंसर संस्था का हर प्रयास समाज के जरूरतमंद वर्ग को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में समर्पित है। यह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संस्था की जनसेवा यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। स्थानीय निवासियों ने न केवल इस पहल की प्रशंसा की, बल्कि ऐसे जनहितकारी अभियानों को आगे भी निरंतर जारी रखने की मांग की।




## खबर संक्षेप

### हार को नहीं पचा पा रहे भूपेंद्र हुड्डाः कृष्ण मूर्ति


कृष्ण मूर्ति हुड्डा

**रोहतक।** हरियाणा के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा विधानसभा में अपनी करारी हार को पचा नहीं पा रहे हैं और गैर जिम्मेदार बयानबाजी कर रहे है। अक्तूबर 2024 के विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अपनी अच्छी नीतियों के कारण व 10 वर्ष के विकास के कार्यो के कारण जीती थी। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को भाजपा के खिलाफ बोलने से पहले अपने अंदर झांकना चाहिए।

### निकुंज ने हरियाणा ओलंपिक खेलों में जीते चार पदक


निकुंज।

**रोहतक।** शहर के उभरते हुए खिलाड़ी निकुंज अत्री ने 3 से 5 नंवबर तक गुरुग्राम में आयोजित 27वें हरियाणा ओलंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए और प्रदेशभर में रोहतक का नाम रोशन किया। निकुंज ने मेंस सिंगल्स में स्वर्ण पदक मेंस डबल्स में रजत पदक में टीम इवेंट में रजत पदक और मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।

## हरियाणा स्टेट इलाइट ब्वॉयज व गर्ल्स बॉक्सिंग गेम्स के तीसरे दिन रोचक मुकाबले

# मुक्केबाजों ने जमकर चलाए पंच

## मेजर सत्यपाल सिंधु ने बढ़ाया मनोबल, विजेताओं ने दिखाया दमदार खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजीव गांधी खेल स्टेडियम के बॉक्सिंग हॉल में वीरवार को हरियाणा स्टेट इलाइट ब्वॉयज व गर्ल्स बॉक्सिंग गेम्स 2025 के तीसरे दिन मुक्केबाजों ने जोरदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के मुक्कों की गूंज और दर्शकों की तालियों से पूरा माहौल जोश से भर गया। रिंग में हर मुकाबला रोमांच से भरा रहा, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय दिया और अगले दौर में जगह बनाई। इस मौके पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि हरियाणा के मुक्केबाज लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। यह प्रतियोगिताएं न सिर्फ खेल भावना को मजबूत करती हैं बल्कि युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास भी पैदा करती हैं। संघ खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है। हरियाणा ओलंपिक संघ के प्रधान मीनू बेनीवाल ने कहा कि इन खेलों का आयोजन इसलिए किया जा रहा है ताकि खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर तैयार किया जा सके।






### प्रदेश के खिलाड़ियों ने देश में बनाई पहचान

*मेजर ने कहा कि लक्ष्य है कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों में हरियाणा के अधिक से अधिक खिलाड़ी शामिल हों और देश के लिए पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करें। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के सचिव ओमबीर हुड्डा ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में सफलता पाने के लिए मेहनत और अनुशासन सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की धरती पर जन्मे खिलाड़ियों ने देशभर में मुक्केबाजी के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है और आने वाले वर्षों में यह और भी ऊंचाइयां छुएंगे।*

### इन्होंने भी जीत दर्ज की

*तीसरे दिन हुए सेमीफाइनल मुकाबलों में एलीट पुरुष वर्ग, महिला वर्ग, यूथ बॉयज और यूथ गर्ल्स वर्ग में रोमांचक खेल देखने को मिला। एलीट पुरुष वर्ग में विजेता खिलाड़ी अनिकेत मलेथिया (झज्जर), आकाश (रोहतक), आर्यन (सोनीपत), लकी (भिवानी), कृष्ण कम्बोज (यमुनानगर), नीरज कुमार (करनाल), राकेश (सिरसा), सिद्धांत (भिवानी) और निशांत (बहादुरगढ़) रहे। एलीट महिला वर्ग में विजेता खिलाड़ी संजिता (नूंह), सुष्मा (हिसार), मेघा (फतेहाबाद), तमन्ना डांगी (करनाल), प्रियंका (सोनीपत), शिवानी (भिवानी), खुशी (पानीपत), अंचल (झज्जर), प्रियंका पूनिया (रोहतक), मनीषा (करनाल), मेहक मलिक (हिसार), नेहा सैनी (झज्जर), नैना (रोहतक), सरिता रानी (अंबाला) और अंजलि (यमुनानगर) रहीं।*

### यूथ ब्वॉयज वर्ग में विजेता

*तमन (झज्जर), पार्थ कुमार (रेवाड़ी), अतुल (फतेहाबाद), युवराज (फरीदाबाद), विनीत कुमार (भिवानी), गौरव (सोनीपत), प्रिंस (यमुनानगर), विकास कुमार (पानीपत), विशाल दहिया (करनाल), रॉनित (रोहतक), हैनी (सोनीपत), आरमान (पानीपत), आयलेका धनखड़ (गुरुग्राम), तिलक नेहरा (फरीदाबाद) और अक्षय सैनी (गुरुग्राम) रहे।*

### यूथ गर्ल्स वर्ग में विजेता

*महक (रोहतक), मुस्कान (सोनीपत), पूनम (यमुनानगर), कशिश मलिक (करनाल), निशु (भिवानी), ज्योति (जींद), दीक्षा रानी (करनाल), तनिशा जांगड़ा (झज्जर), निधि (फरीदाबाद), तेजेश्वी (रोहतक), सरिका (सोनीपत), हंसीखा (हिसार), भुमिशा शर्मा (सोनीपत), सुभिका (सोनीपत) और इशु (सोनीपत) रहीं।*

## इस्माइला गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएगा प्रशासनः डीसी

### 10-सूत्रीय मॉडल विलेज एजेंडा तैयार


**रोहतक।** पात्र लाभार्थियों को व्हीलचेयर देते डीसी सचिन गुप्ता व एसपी सुरेंद्र भौरिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन इस्माइला गांव में पानी, बिजली और सड़कों सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा तथा प्रशासन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रशासन आपके गांव में पहल के तहत इस्माइला गांव को मॉडल गांव बनाने के लिए एक 10-सूत्रीय मॉडल विलेज एजेंडा तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से सतत और समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान डीसी सचिन गुप्ता ने महिलाओं के लिए एक नए स्वास्थ्य जांच अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मैमोग्राफी मोबाइल वैन को स्तन कैंसर जांच के लिए गांव में तैनात किया गया। 7 नवंबर को 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएं गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क स्तन कैंसर जांच करा सकेंगी।

### सहायक उपकरण और पेंशन प्रमाण पत्र बांटे

कार्यक्रम के दौरान सचिन गुप्ता ने पात्र लाभार्थियों को व्हीलचेयर, छड़ी आदि सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों को नई पेंशन प्रमाणपत्र भी प्रदान किए।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने सुनीं जन समस्याएं

प्रशासन आपके गांव में कार्यक्रम के अंतर्गत अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने दोपहर से गांव में रहकर ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट अंकित कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चाहल, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंदर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा, जिला सैनिक एवं अर्द्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर महावीर प्रसाद, उप निदेशक (कृषि) डॉ. सुरेंद्र मलिक, और जिला रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सरकार पेंशनर की मांगों को पूरा करेः मेहर सिंह

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक मानसरोवर पार्क स्थित सीनियर सिटिजन क्लब में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला चेयरमैन देबी सिंह देसवाल ने की जबकि मंच संचालन शमशेर सिंह सिवाच ने किया। बैठक में राज्य चेयरमैन मेहर सिंह नैन, राज्य उप प्रधान धर्म कौर मलिक और कोषाध्यक्ष तुही राम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्य चेयरमैन मेहर सिंह नैन ने कहा कि सरकार पेंशनर्स की जायज और आवश्यक मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो पेंशनर्स समाज आंदोलन करने को मजबूर होगा। मुख्य मांगों में 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पर 5, 10 और 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि, सभी बीमारियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा, मेडिकल भत्ता 1000 से बढ़ाकर 5000 रुपये करने और कम्यूटेशन अवधि 15 से घटाकर 11 वर्ष करने की मांग प्रमुख रही। धर्म कौर मलिक, तुही राम शर्मा और देबी सिंह देसवाल ने भी कहा कि यदि सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो संगठन संघर्ष से पीछे नहीं हटेगा। बैठक में अनेक वरिष्ठ पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## प्रदेश में इनेलो के बढ़ते ग्राफ से भाजपा व कांग्रेस पूरी तरह से बौखलाई : रणबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रणबीर सिंह हुड्डा

इनेलो के प्रदेश महासचिव एवं हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रो. डॉ. रणबीर सिंह हुड्डा ने कहा कि पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह की 16 साल बाद इनेलो में घर वापसी से संगठन को मजबूती मिली है और पार्टी का हर कार्यकर्ता में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में इनेलो का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, जिसके चलते भाजपा व कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से बौखला गई है। इनेलो के प्रदेश महासचिव डॉ. हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा परिवारवाद व भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है और उसी दिशा में भाजपा सरकार लगी हुई है। प्रदेश का भाईचारा खराब करने में कांग्रेस व भाजपा अहम भूमिका निभा रही है। हुड्डा ने आरोप लगाया कि पूर्व सीएम हुड्डा ने किसानों की बेशकीमती जमीनों को कोडियों के भाव खरीद कर बडे बडे पूजीपतियों को सौंप दी, वहीं भाजपा सरकार ने भी किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है।

## शिक्षकों में समालोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने पर फोकस

- द आर्यन पब्लिक स्कूल में थ्योरी ऑफ नॉलेज विषय पर शिक्षकों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



द आर्यन पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में शिक्षकों के लिए थ्योरी ऑफ नॉलेज विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य शिक्षकों में चिंतनशील अधिगम, समालोचनात्मक सोच और ज्ञान-आधारित शिक्षण पद्धतियों की गहन समझ विकसित करना था। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने समूह चर्चाओं, रचनात्मक गतिविधियों और अनुभवात्मक शिक्षण के माध्यम से सक्रिय भागीदारी की। सत्र ने शिक्षकों को अपने शिक्षण दृष्टिकोण को और प्रभावी, प्रेरणादायक तथा छात्रों के लिए रुचिकर बनाने के नए आयाम प्रदान किए। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान तेजेंद्र आर्य एवं प्रबंधक अनीता सिंह ने संसाधन व्यक्तियों का स्वागत किया और उन्हें स्मृति-चिह्न व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

### शिक्षकों ने सत्र को प्रेरणादायक बताया

अपने संबोधन में विद्यालय की प्राचार्या निशा मोंगा ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण सत्र शिक्षकों के व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास न केवल शिक्षण की गुणवत्ता को उन्नत करते हैं, बल्कि कक्षाओं को अधिक रचनात्मक, ज्ञानोन्मुख और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागी शिक्षकों ने भी इस सत्र को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया तथा ऐसे आयोजन नियमित रूप से करने की आवश्यकता पर बल दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

कार्यक्रम | एमडीयू के टैगोर सभागार में जिला युवा महोत्सव 2025 का शुभारंभ

# ज्ञान से जुड़ी हरियाणा की प्राचीन संस्कृति : जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने युवाओं से देश व प्रदेश की संस्कृति, परंपरा व मर्यादाओं से प्रेम करने का आह्वान किया है। जांगड़ा वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में जिला प्रशासन तथा युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग द्वारा आयोजित जिला युवा महोत्सव 2025 के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि उपस्थित युवाओं को संबोधित कर रहे थे। भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका ने कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लिया। युवाओं को देश की संस्कृति का कर्णधार बताते हुए सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि अगर पूरी दुनिया हरियाणा की प्राचीन संस्कृति को अपना ले तो सभी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है।





**रोहतक।** माडल का निरीक्षण करते और कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ।

### हरियाणा की प्राचीन संस्कृति में दीपावली पर परंपरागत तरीके से किया जाता था प्रदूषण प्रबंधन

सांसद ने कहा कि हरियाणा की प्राचीन संस्कृति में दीपावली पर्व पर परंपरागत तरीके से प्रदूषण प्रबंधन किया जाता था। इस संबंध में उन्होंने दीपावली पर्व के दौरान घी व तेल के दीए जलाने का उदाहरण प्रस्तुत किया और बताया कि किस तरीके से बदलते मौसम में पर्यावरण को शुद्ध रखने का कार्य किया जाता था। लेकिन मौजूदा समय में इस प्राचीन प्रबंधन को समाप्त कर दिया गया हैं। अब अनाप-शनाप आतिशबाजी के चलते वायु प्रदूषण बढ़ जाता है। परिणामस्वरूप सांस व दिल के रोगियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रामचंद्र जांगड़ा ने यह भी बताया कि की हरियाणा में किस प्रकार से पाचन प्रक्रिया का भी ध्यान रखा जाता था। उन्होंने कहा कि हरियाणा के हर एक सांस्कृतिक पहलू में विज्ञान छिपा हुआ था। उन्होंने बताया कि जब तीज त्योहार पर महिलाएं झूला झूलती थी तो उन्हें किस प्रकार से स्वास्थ्य लाभ मिलता था। उन्होंने हरियाणा की सामाजिक समरसता और सहकारी व्यवस्था का भी विस्तार से जिक्र किया।

### हरियाणा के राखी गढ़ी में आठ हजार साल पुरानी सभ्यता मिली

*जांगड़ा ने बताया कि हरियाणा के राखी गढ़ी में आठ हजार साल पुरानी सभ्यता मिली है। सांसद ने कहा कि हरियाणा का संगीत एवं मौसम भी सुकून देने वाला है। उन्होंने कहा कि सामाजिक मर्यादाएं टूटने का खामियाजा पूरे समाज को भुगतना पड़ता है। आईटीआई के प्राचार्य राजपाल सिंधु ने जिला युवा महोत्सव के मुख्यातिथि अन्य अतिथिगण का स्वागत किया तथा जिला युवा महोत्सव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद एवं महोत्सव के मुख्य अतिथि रामचंद्र जांगड़ा ने हरियाणा की प्राचीन परंपरा को अभी तक जीवंत रखा है और वे हमेशा धोती-कुर्ता को प्राथमिकता देते है।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ. अशोक रंगा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, जिला कार्यालय सचिव वीर सिंह हुड्डा, जगमाल, नवल, सतीश हुड्डा, बी.एस. मलिक, सुशील कुमार, इंदर सिंह सैनी, राजेश मधोक व अनिल बल्हारा आदि मौजूद थे।*